1	2	3	4	5
12.	हैदराबाद	150	53	46
13.	जयपुर	180	168	45
14.	जालंधर	240	300	194
15.	कोजीकोड	365	266	72
16.	लखनऊ	180	177	115
17.	मद्रास	180	76	39
18.	नागपुर	28	31	31
19.	गोआ	40	31	35
20.	पटना	240	302	294
21.	त्रिची	270	134	44
22.	त्रिवेन्द्रम	120	118	35

विदेश मंत्रालय में समयोपरि भत्ते का भुगतान

4623. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय में समयोपरि भत्ते के भुगतान पर कई करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे हैं;

(ख) यदि हां तो 1990–91, 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के वर्षों में इस प्रयोजन हेतु व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार अपनी मितव्ययिता अभियान के अधीन इस तरह के खर्च से बचने के लिए क्या–क्या प्रयास कर रही है;

(घ) क्या सरकार ने समयोपरि भत्ते के भुगतान से सम्बन्धित प्रक्रिया और इसके दुरुपयोग की कोई जांच करवाई है; और

(ङ) यदि हां तो, उसका ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया) : (क) और (ख) 1990–91, 1991–1992–93 तथा 1993-94 के दौरान दिए गए समयोपरि भत्ते से सम्बन्धित व्यय के बारे में विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)।

(ग) समयोपरि भत्ते का भुगतान इस संबंध में जारी सरकार के निर्देशों के अनुरूप ही किया जा रहा है जिसमें ऐसे व्यय में मितव्ययिता बरतने से सम्बन्धित निर्देश भी शामिल हैं। प्रक्रिया संबंधी सरकारी निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

समयोपरि भत्ता उपशीर्ष के अन्तर्गत वास्तविक व्यय

वर्ष	समयोपरि भत्ता उप शीर्ष सं० 2052–ए 1(3) विदेश मंत्रालय (मु०), शाखा सचिवालय, कलकत्ता सहित	एम०एच०–2061–सी–1 राजदूतावास और मिशन	सं० 2061– सी–4(1) केन्द्रीय पासपोर्ट और उत्प्रवासन संगठन
1	2	3	4
	(रुपए)	(रुपए)	(रुपए)
1990–91**	23,27,000 (केवल विदेश मंत्रालय मुख्यालय)	आंकड़े उपलब्ध नहीं	आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं
1991–92	29,17,863	94,13,755	5,63,654
1992–93	27,82,975	1,83,24,761	3,09,840
1993–94 (2/94 तक)	25,33,004	1,56,32,426	1,45,218

**समयोपरि भत्ता के सही आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि अलग से समयोपरि भत्ता उपशीर्ष केवल 1991–92 से शुरू किया गया था और इससे पहले समयोपरि भत्ता व्यय शीर्ष वेतन (वेतन और भत्ते) के अन्तर्गत दर्ज किया जाता था ।

हज यात्रियों को सुविधाएं

4624. **श्री चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा हज यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को उन्हें प्राप्त इन सुविधाओं के सम्बन्ध में कोई शिकायत मिली है; और

(ग) यदि हां तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया) :

(क) सरकार हज के लिए हमारे राष्ट्रिकों की सऊदी अरब की यात्रा को सुविधाजनक बनाती है हज समिति और जद्दा स्थित भारत का प्रधान कोंसलावास संयुक्त रूप से मक्का तथा मदीना में हाजियों के लिए ठहरने का प्रबन्ध करते हैं ।हज के दौरान हाजियों की सहायता के लिए अतिरिक्त कर्मचारी भेजे जाते हैं तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सऊदी अरब में एक चिकित्सा दल भी तैनात किया जाता है । दवाइयां तथा चिकित्सीय आपूर्तियां भी भेजी जाती हैं । विभिन्न राज्यों के हाजियों के साथ इन राज्यों से जत्थों के साथ खुददाम-उल-हुजाज जाते हैं । हाजियों की सहायतार्थ भारत के प्रधान कोंसलावास की हज संस्थापना को अतिरिक्त कर्मचारी मुहैया कराकर सुदृढ़ किया जाता है । हाजियों को वायुयान/जहाज से लाने ले जाने का इंतजाम सरकार की सहायता से हज समिति करती है । खानगी पूर्व औपचारिकताओं को पूरा करने के कार्य